३६ घंटे बाद नदी में मिला लापता युवक का शव

चित्रकूट। बरगढ़ थाना क्षेत्र के बोझफार्म गांव के भटगवां बांध में मंगलवार की शाम को देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान गायब युवक का शव ३६ घंटे बाद पानी में ही उतराता मिला। जानकारी होने पर परिजनों ने अपने ही परिवार के कुछ लोगों पर साजिश के तहत हत्या करने के आरोप लगाये हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद कारवाई की बात कही है।

कौशांबी के ग्राम जाठी निवासी सोनू मिश्रा ने बताया कि उसका भाई दीपेन्द्र उर्फ मोनू मिश्रा (३०) पांच साल से बरगढ़ के बोझफार्म गांव निवासी अपने बड़े भाई की ससुराल में ससुर आनंद कमल द्विवेदी के यहां रहता था। वह बिजली का मिस्त्री और कांट्रेक्टर था। क्षेत्र में मंगलवार को देवी प्रतिमाओं का अरवारी गांव के पास भटबांध में विसर्जन चल रहा था। गांव के देवी पंडाल की प्रतिमा के विसर्जन में दीपेन्द्र अपने साले पंकज और साली तनू के साथ बांध तक गया था। उसने वहां अपनी शर्ट,

विसर्जन के दौरान अचानक लापता हो गया था मृतक परिजनों ने हत्या की जतायी आशंका

बैग, मोबाइल और बेल्ट तनू को देकर बांध में पंकज के साथ प्रतिमा विसर्जन के बाद नहा रहा था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। रात को घर न लौटने पर जब फोन कर जानकारी की तो उसका फोन तनू के स्वजन ने उठाकर बताया कि वह गायब है। रात में ही आकर थाने में गुमसुदगी दर्ज कराई गई।

शक के आधार पर पुलिस बांध में गोताखोर की मदद से उसकी तलाश करा रही थी।

गुरुवार की सुबह उसका शव पानी में उतराता मिला। प्रथम दृष्टया माना गया कि विसर्जन या नहाते समय डूबने से मौत हुई। उसके भाई सोनू ने बताया कि दीपेन्द्र की चप्पल एक रिश्तेदार के घर में मिली और उसके साथ नहा रहे साले पंकज ने बताया कि उसे कुछ पता नहीं है। इससे शक हो रहा है।

आरोप लगाया कि गांव की एक युवती से दीपेन्द्र के संबध होने का भी यह परिवार विरोध करता था ऐसे में शक है कि उसे बांध में डुबाकर मारा गया है। वह तैरना भी जानता था। थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद आगे की कारवाई होगी।

चाकू दिखाकर मांगी रंगदारी

चित्रकूट। शहर के पुरानी बाजार निवासी हिमांशु केशरवानी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर को वह बस स्टैंड के पास से अपनी दुकान के लिए कुछ सामग्री लेकर बाइक से लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में काली स्कार्पियो से कुछ युवक आए और उसकी बाइक के सामने स्कार्पियो लगाकर रोक दिया। आरोप लगाया कि स्कार्पियो सवार तीन युवकों ने उसे चाकू दिखाकर रुपये की मांग की। कहा कि उसे दुकान चलाना हो तो रुपये देने होंगे। इस दौरान कुछ लोगों के आने पर आरोपित गालीदेते हुए भाग निकले।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से लौट रहे युवक पर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

जौनपुर। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन समारोह से लौट रहे एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित काररवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।कालीकुत्ती निवासी माधुरी (पत्नी राजेश बिंद) ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके पति राजेश बिंद जब विसर्जन कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी नगर पालिका परिषद कार्यालय के समीप अज्ञात लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया और सुरागकशी के आधार पर घटना में शामिल दो आरोपितों को धर दबोचा। पुलिस पकड़े गये आरोपितों के खिलाफ विधिक काररवाई कर रही है।

दो बाइकों की भिड़ंत में खो-खो खिलाड़ी सहित दो की मौत

जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मछलीशहर-मड़ियाहूं मार्ग पर अरुआवां बाजार के समीप बुधवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में राज्य स्तरीय खो-खो खिलाड़ी सहित दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।जानकारी के अनुसार, लाजीपार निवासी राज्य स्तरीय खो-खो खिलाड़ी धरम सरोज (२१) अपने साथी सूरज सरोज के साथ बाइक से मछलीशहर में भरत मिलाप मेला देखने जा रहे थे। अरुआवां बाजार के पास पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से उनकी सीधी

मछलीशहर-मड़ियाहूं मार्ग पर अरुआवां बाजार के पास हादसा

टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि धरम सरोज की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उनका साथी सूरज और दूसरी बाइक पर सवार तीन युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी बाइक के चालक सहित तीनों घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दूसरी बाइक के चालक ने भी दम तोड़ दिया। होनहार खिलाड़ी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गयी।

एएसपी ने पोलिंग पार्टियों को किया ब्रीफ

चित्रकूट। इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एएसपी पीयूषकांत राय द्वारा चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल एवं पोलिंग पार्टियों को दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तृत ब्रीफ किया। इसके उपरान्त जनपद के ०६ मतदान केन्द्रों के लिए १३ पोलिंग पार्टियों को आवश्यक मतदान सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केन्द्रों के लिये रवाना किया गया।

मूर्ति विसर्जन विवाद में घर पर चढ़कर मारपीट, वीडियो वायरल

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत औराकोट बस्ती में मूर्ति विसर्जन को लेकर उपजे मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि कहासुनी के बाद १० से १५ की संख्या में पहुंचे उपद्रवियों ने एक परिवार के घर पर धावा बोल दिया और लाठी-डंडों एवं लात-घूंसों से महिला एवं पुरुषों की जमकर पिटाई कर दी। हमले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें मारपीट के दृश्य साफ दिखाई दे रहे हैं। विसर्जन के दौरान शुरू हुए विवाद के बाद हुई इस घटना से बस्ती में तनाव व्याप्त है।

संदिग्ध परिस्थिति में शीशम के पेड़ से लटकती मिली अधेड़ का शव

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोरापट्टी में गुरुवार सुबह एक ४५ वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शीशम के पेड़ से फंदे के सहारे लटकता मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गांव निवासी मानसिंह (४५) के रूप में हुई है। गुरुवार की सुबह जब ग्रामीण नित्यक्रिया एवं निजी कार्यों के लिए खेतों की तरफ निकले, तो पेड़ से लटकता शव देखकर दंग रह गये। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों का भारी हुजूम एकत्र हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों में आशंका है कि अज्ञात पारिवारिक या मानसिक कारणों के चलते उन्होंने आत्महत्या की होगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

साड़ी को लेकर मारपीट, व्यापारी का शांति भंग में चालान

चित्रकूट। राजापुर कस्बे के गुड़ मंडी स्थल की देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान पहनाई गयी साड़ी को लेकर आयोजकों और कपड़ा व्यापारी में जमकर विवाद हो गया। बात मारपीट तक पहुंच गयी। पुलिस दोनों पक्षों के चार लोगों को थाने ले गयी, बाद में व्यापारी का शांति भंग में चालान किया गया। जानकारी के अनुसार गुड़ मंडी की देवी प्रतिमा का बुधवार को विसर्जन होना था। प्रतिमा को कपड़ा व्यापारी संजय अग्रहरि उर्फ बागरी की दुकान से लाई गयी साड़ी पहनाई गयी थी। विसर्जन के समय व्यापारी अपने पुत्र प्रांशू के साथ पहुंचा और बोला कि साड़ी सिर्फ पहनाने के लिए दी थी, अब वापस चाहिए। आयोजकों ने कहा कि विसर्जन का समय है, दूसरी साड़ी कहां से लाएं। साड़ी का पूरा मूल्य ले लो, लेकिन व्यापारी वापस लेने पर अड़ा रहा। इसी को लेकर कहासुनी बढ़ी और हाथापाई होने लगी। आयोजक भोले जायसवाल का आरोप है कि व्यापारी और उसके पुत्र ने जबरन प्रतिमा से साड़ी निकाल ली। इससे वहां अफरा-तफरी मच गयी। बाद में महिलाओं ने घर से दूसरी साड़ी लाकर प्रतिमा को पहनाया। तब जाकर विसर्जन हो सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ की। थाना प्रभारी नरेश प्रजापति ने बताया कि आयोजक कमेटी अध्यक्ष की तहरीर पर व्यापारी संजय बागरी उर्फ बागरी का शांति भंग की धारा में चालान किया गया है। कस्बे में घटना को लेकर दिन भर चर्चा रही।

सकुशल, निष्पक्ष सम्पन्न करायें एमएलसी चुनाव-डीएम

चित्रकूट। विधान परिषद के लिए इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में सभी नोडल अधिकारियों तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में डीएम ने संबंधित नोडल अधिकारियों से उनको स्नातक निर्वाचन से संबंधित दिये प्रभार के तैयारियों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग एवं रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिये गये निर्देशों के अलोक में समीक्षा की गयी। जिसमें नोडल अधिकारियों द्वारा निर्वाचन की तैयारी के संबंध मे जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए समस्त नोडल अधिकारी एवं समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसी कम में अवगत कराया गया कि २३ अक्तूबर को मतदान सम्पन्न होना है। जिसके लिए पोलिंग पार्टियां कलेक्ट्रेट से प्रस्थान करेंगी। मतदान के पश्चात् पोल्ड बैलट बाक्स एवं संविद, असंविद प्रपत्र आदि समस्त निर्वाचन सामग्री बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के न्यायलय कक्ष संख्या ३ में बनाये गये अस्थाई स्ट्रांग रूम में जमा की जायेगी। तत्पश्चात् समस्त मतदेय स्थलों की पोल्ड बैलट बाक्स एवं संविद, असंविद प्रपत्र आदि निर्वाचन सामग्री रिटर्निंग आफिसर, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रध्आयुक्त, झांसी मण्डल झांसी को नामित मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस अभिरक्षा में भेजकर प्राप्त करायी जायेगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम चंद्रशेखर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बाइक गिरने से दो घायल

चित्रकूट। रैपुरा थाना क्षेत्र के ब्यूर भौंरी के बीच सड़क पर कुत्ते से बाइक टकरा गयी। छेछरिहा गांव निवासी शीलू ने बताया कि वह अपने साले निर्भय के साथ कर्वी जा रहा था। सड़क पर कुत्ते से बाइक टकराने पर दोनों घायल हुए। राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसे में घायल

चित्रकूट।'घर से बरगढ़ कस्बे की तरफ जा रहा श्याम जी पुत्र लल्लू की बाइक तेज गति होने के चलते ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गयी। गिरने से वह घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी मऊ में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल भेजा। जहां उपचार चल रहा है।

सर्पदंश से युवक भर्ती

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के ओरा गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार को गुरुवार की सुबह घर में सर्प ने डस लिया। जानकारी होते ही स्वजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सिपाह में धूमधाम से मना ऐतिहासिक दशहरा एवं भरत मिलाप

जौनपुर। नगर के मानिक चौक (सिपाह) में रामलीला एवं भरत मिलाप समिति सिपाह के तत्वावधान में ऐतिहासिक दशहरा एवं भरत मिलाप का आयोजन परंपरागत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने श्रीराम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।

राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा की सर्वोच्च प्रेरणा है। यदि समाज उनके जीवन मूल्यों का आंशिक हिस्सा भी अपने आचरण में उतार ले, तो जीवन सार्थक हो जायेगा। महोत्सव में सर्वप्रथम रोमांचक राम-रावण युद्ध के मंचन के पश्चात दशानन के पुतले का दहन किया गया, जिससे समूचा परिसर जयकारों से गूंज उठा। इसके उपरांत मानिक चौक से भरत-शत्रुघ्न की झांकी सिपाह चौराहे पर पहुंची, जहां प्रभु श्रीराम ने अनुज भरत को गले लगाया। दोनों भाइयों के अश्रुपूर्ण मिलन का यह दृश्य देख श्रद्धालुओं की आंखें छलक आईं। इसके पश्चात नगर में मनोहारी धार्मिक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

रामलीला में कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों का मन मोहा

जौनपुर। कजगांव नगर पंचायत स्थित ग्राम माधोपट्टी में आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में मारीच वध, सीता हरण, राम विलाप, सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध का सजीव मंचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता राजीव सिंह एवं वयोवृद्ध ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं आरती उतारकर किया।

मंच पर रावण के आदेश पर मारीच द्वारा स्वर्ण मृग बनकर माता सीता को आकर्षित करने और लक्ष्मण रेखा लांघने के बाद रावण द्वारा भिक्षुक बनकर सीता हरण करने के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। सीता की खोज में प्रभु श्रीराम का विलाप और किष्किंधा में राम-सुग्रीव की मित्रता के प्रसंग ने दर्शकों में भक्तिभाव भर दिया।

राम की भूमिका में गौरव सोलंकी, लक्ष्मण सोनल सिंह, हनुमान सर्वेश सिंह, सीता अनुराग सिंह, सुग्रीव आशीष, बाली सचिन, मारीच ध्यानचंद और रावण की भूमिका में सिंटू ने शानदार अभिनय किया। संचालन सौरभ सिंह एवं राहुल सिंह ने किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राम सागर सिंह, रमा शंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शरदोत्सवः २५ से २७ तक होगा बहुरंगी कलाओं का संगम

चित्रकूट। संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश द्वारा दीनदयाल शोध संस्थान एवं जिला प्रशासन सतना के सहयोग से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली में एक बार पुनः देश के नामचीन कलाकार सुर लहरियां बिखेरेंगे।

चित्रकूट के विकास को कई आयामों के साथ जोड़कर देश-दुनिया को स्वावलम्बन का संदेश देने वाले नानाजी देशमुख के जन्मदिन शरद पूर्णिमा से प्रारम्भ होने वाले तीन दिवसीय पारम्परिक एवं समकालीन कला की सांस्कृतिक संध्या शरदोत्सव प्रत्येक वर्ष एक नई छाप छोड़ रहा है। राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक आयोजन को लेकर चित्रकूट क्षेत्र के आम जनमानस को बड़े बेसब्री से इसका इंतजार रहता है। लोक कलाकारों के संगीत पर जब पांव थिरकेंगे तब नजारा बेहद रमणीय होगा। २५ से २७ अक्तूबर के बीच चित्रकूट में आयोजित होने वाले बहुवर्णी कलाओं का समारोह शरदोत्सव का रंग कुछ अलग होगा। कार्यक्रम का आयोजन दीनदयाल परिसर में प्रतिदिन शाम ७ बजे से होगा। शरदोत्सव के आयोजक मंडल ने जानकारी देते हुये बताया कि सांस्कृतिक संध्या शरदोत्सव का शुभारम्भ २५ अक्तूबर को शरद पूर्णिमा के दिन नानाजी के जन्मदिवस पर होगा। जिसमें खीर प्रसादी का भी वितरण किया जायेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चित्रकूट में आयी भीषण बाढ़ विभीषिका के चलते शरदोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन को इस वर्ष टाला गया था, लेकिन नगरवासियों के साथ सम्पन्न हुई वृहद बैठक के दौरान संत समाज और नगरवासियों के आग्रह पर पूर्व की भांति शरदोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन के लिए सर्व सहमति बनी। २५ अक्तूबर को सुप्रसिद्ध भजन गायक पवन तिवारी एवं साथी, टीकमगढ़ तथा रूट्स नादात्म, भोपाल के भक्ति गायन की प्रस्तुति रहेगी। २६ अक्तूबर को अभिनयना डांस अकादमी, जगन्नाथ पुरी द्वारा श्रीकृष्ण बाल लीला एवं आशा वैष्णव एवं साथी, अहमदाबाद द्वारा भक्ति गायन का आयोजन होगा। तीसरे दिन २७ अक्तूबर को शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर द्वारा मैहर वाद्यवृंद एवं बालीवुड गायक श्रीराम अय्यर एवं साथी मुम्बई का सुगम संगीत होगा।

प्रतिमा विसर्जन को लेकर दो गुटों में विवाद, चाकू लगने से युवक घायल

चित्रकूट। राजापुर थाना क्षेत्र के यमुना नदी किनारे देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर डांस और पहले विसर्जन करने को लेकर एक मोहल्ले के दो गुटों में विवाद हुआ। इसमें चाकू एवं डंडे चले।

एक पक्ष से एक युवक को चाकू लगा और उसे गंभीर हालत में प्रयागराज रिफर किया गया है। देवी टोला रुपौलिहा मोहल्ला निवासी विभव पांडेय ने बताया कि वह सब मोहल्ले की देवी प्रतिमा का विसर्जन करने डीजे के साथ बुधवार की रात लगभग नौ बजे यमुना नदी किनारे पहुंचे।

इसी बीच अरुण शुक्ला आदि पक्ष भी देवी प्रतिमा डीजे के साथ लेकर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले दोनों पक्ष में तेज आवाज में डीजे बजाकर युवकों में डांस कंपटीशन होता रहा। इसके बाद विसर्जन पहले करने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष से चाकू एवं डंडे चलने लगे। इसी दौरान विभव को चाकू लगा और वह गिर गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्ष से चार लोगों को पकड़कर थाने पहुंचाया। विभव को सीएचसी से डाक्टर ने प्रयागराज रिफर कर दिया।


शिक्षक संकुलों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक, नवाचारों पर हुई चर्चा

चित्रकूट। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के निर्देशों के अनुपालन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में सदर ब्लाक एवं नगर क्षेत्र के शिक्षक संकुलों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम प्रभारी डायट प्रवक्ता सौरभ चंद्र सविता तथा कार्यक्रम सहप्रभारी डायट प्रवक्ता अखिलेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में बैठक सारगर्भित, बिन्दुवार एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हुई।

बैठक में निर्धारित एजेण्डे के अनुसार विगत तिमाही में आयोजित शिक्षक संकुल बैठकों, तैयारी बैठकों तथा शिक्षकों की सहभागिता की समीक्षा की गयी। विभिन्न संकुलों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रभावी शिक्षण गतिविधियों, नवाचारों और व्यावहारिक चुनौतियों को साझा किया। इस अवसर पर कहा गया कि शिक्षक संकुल विद्यालय स्तर पर शैक्षिक बदलाव की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति, शिक्षकों के बीच परस्पर अधिगम (पियर लर्निंग) तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में संकुल बैठकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समीक्षा के दौरान 'प्रत्येक संकुल बैठक का आयोजन क्रमशः अलग-अलग विद्यालयों में करने तथा रोटेशन के आधार पर शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने' पर विशेष जोर दिया गया। इससे विभिन्न विद्यालयों की शिक्षण पद्धतियों, उपलब्ध संसाधनों और सफल प्रयासों से सीखने के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही 'प्रत्येक बैठक से पूर्व संबंधित संकुल के सभी शिक्षक संकुलों के मध्य तैयारी बैठक आयोजित कर एजेण्डा, दायित्वों एवं प्रस्तुतियों का समन्वय सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

न्यू समर्थ हास्पिटलकी जीतमें धर्मेंद्र बने हीरो

डीएवी मैदान पे खेले गए एक मैच में न्यू समर्थ हास्पिटल ने एक्जॉटिक इलेवन को ७७ रन से हराया। टास जीतकर पहले खेलते हुए धर्मेंद्र के शानदार अर्धशतक की बदौलत न्यू सामाथ्र



हास्पिटल ने २० ओवर में ७ विकेट खोकर १८१ रन (धर्मेंद्र सिंह ६८, शाश्वत २९, शाजिद अख्तर २५ रन, कुलश्रेष्ठ नारायण शुक्ल ३ विकेट और शशांक, ऋषभ एवं अभिमत ने एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में उतरी एक्जॉटिक इलेवन १७ ओवर में सभी विकेट खोकर सिर्फ १०४ रन ही (रौनक तिवारी ३२, शिवम् कपूर १९, उत्कर्ष त्रिपाठी १३ रन और अलोक यादव २ विकेट डा. मनोज, शाश्वत, डीके यादव, अमन शाजिद शिवम् ने एक-एक विकेट) बना सकी। प्लेयर आफ द मैच धर्मेंद्र सिंह को चुना गया।

ओवरआल चैम्पियनशिपपर मदन मोहन मालवीय स्टेडियमका कब्जा

मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में गुरुवार को जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब ११० खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियनशिप पर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम का कब्जा रहा। प्रतियोगिता के बेस्ट जूडो में मिनी बालक वर्ग में ओजस मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, मिनी बालिका वर्ग में अतिशा सौरभ चौरसिया मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, सब जूनियर बालक वर्ग में रुद्रा पांडे जीएस इंटर कालेज एवं सब जूनियर बालिका वर्ग में परिधि मेहता सेंट कोलंबस स्कूल और कैडेट बालक वर्ग में श्रेयांश गुप्ता मदन मोहन मालवीय स्टेडियम रहे। प्रतियोगिता के सभी भार वर्ग के विजेताओं में मिनी बालक वर्ग में स्वर्ण पदक के विजेता आरव विश्वकर्मा, विवान सिंह, मानविक कुमार, राघवेंद्र ओजस रहे। रजत पदक के विजेता प्रथम सिद्धार्थ सिंह, संचित तेजस एवं अर्श गौर रहे। कांस्य पदक विजेता अबीर इवान, अद्विक त्रिपाठी, प्रत्यक्ष सिंह, ओम त्रिपाठी, ध्रुव रावत, आर्यन मानविक रहे। मिनी बालिका वर्ग में



स्वर्ण पदक विजेता अतिशा, निष्ठा राजवंशी, श्रेया पांडे, नित्य यादव, दीपशिखा, रूही शुक्ला, माही केसरवानी रहीं। रजत पदक विजेता शांभवी पांडे, ठाराठया वेकसरवानी, आद्या त्रिपाठी, आलिवाका, अक्षदा तिवारी रहीं। कांस्य पदक विजेता गार्गी तिवारी, अनन्या, आराध्या, यांशी कुमारी, वृंदा सिंह रहे। सब जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता विवान श्रीवास्तव, अथर्व सोनकर, रुद्रा पांडे, कृष्णा पांडे, यशस्व पांडे रहे। रजत पदक विजेता वीर कुमार, श्रेयांश कुमार, तनुष कुमार रहे। कांस्य पदक विजेता अथर्व निषाद, शौर्य रावत, वेदांत शर्मा रहे। सब जूनियर बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता परी कुमारी, परिधि मेहता, आरोही केसरवानी, अन्य पाल, माही तिवारी, सर चंद्र, अदिति रहे। रजत पदक विजेता सरिता कुमारी, अनन्या शर्मा, आकांक्षा, नित्यादिता द्विवेदी रहीं। कांस्य पदक विजेता मान्य मिश्रा, नैना, प्रियम शुक्ला, संवि जायसवाल, सौम्या वैभवी रहीं। कैडेट बालक वर्क में स्वर्ण पदक विजेता श्रेयांश गुप्ता, नीरज यादव, दिलीप कुमार, मिराज हसन रहे। रजत पदक विजेता आशीष यादव, मनोज कुमार रहे। कांस्य पदक विजेता कृष्णा पांडे एवं कैडेट बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता अंबिका जौहरी एवं राखी कनौजिया रहीं। जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता शिवम एवं रवि सिंह रहे। सीनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता अमूल्य पटेल एवं सीनियर बालिका वर्ग में लक्ष्मी देवी रहीं। जिसमें ओवरआल चैंपियनशिप में तीसरा स्थान सेंट कोलंबस स्कूल ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान गुरुराज सिंह अकेडमी धरवारा करछना एवं प्रथम स्थान मदन मोहन मालवीय स्टेडियम ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आए सभी अतिथि एवं सभी प्रतिष्ठानों से आए अध्यापक एवं अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन प्रयागराज नार्मल और पैरा जूडो एसोसिएशन के सचिव अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार गुप्ता ने किया।

प्रयागराज खेल

फुटबाल प्रतियोगिताके लिए चयन-ट्रायल्स आज एवं कल

पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दा के मौके पर २८ अक्तूबर से चार नवम्बर तक देवीपाटन, गोण्डा में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल में सीनियर पुरुष फुटबाल जिलास्तर पर २३ अक्तूबरी को अपरान्ह एक बजे एवं मण्डल स्तर पर २४ अक्तूबर को अपरान्ह एक बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होगा।अतः ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अपने आधार कार्ड, नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, एड्रेस प्रूफ, पोसपोर्ट साइज फोटो के साथ उक्त आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर चयन-ट्रायल में भाग ले सकते है।

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ऑफिस नंबर 201बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर-बी3, वाईफ़ाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे (पश्चिम)- 400604

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	संजय कुमार विश्वकर्मा/ गरिमा विश्वकर्मा- TBVPI00007265309/ LBVPI00007284969	फ्लैट नंबर-एफ-410, चौथी मंजिल, बिल्डिंग-एफ, सनराइज रेजीडेंसी-3, सर्वे नंबर-2383 (पुराना सर्वे नंबर-329/1), गाँव-चला, वापी पब्लिक स्कूल के पास, मुक्तानंद मार्ग, गुजरात, वापी- 396191, अक्टूबर 18, 2026	अप्रैल 29, 2026 रु. 23,45,345.00/-	वापी (गुजरात) और कठुआ (जम्मू और कश्मीर), रुड़की (उत्तराखंड) और प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 23, 2026, स्थान : प्रयागराज

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

ताइक्वांडो प्रतियोगितामें उत्कृष्ट प्रदर्शनपर मिला पदक



कौशांबी ताइक्वांडो एसोसिएशन की १९वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गुरुवार को मंजू सेल्फ डिफेंस अकादमी प्रीतम नगर में पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उपलब्धियों के लिए पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। पदक प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बारा विधायक डा. वाचस्पति, उपाध्यक्ष गणेश शंकर दुबे, सचिव गोपेश सेन, उपसचिव मंजू आर्या, कोषाध्यक्ष सत्यम आर्या तथा टीम कोआर्डिनेटर जेपी साहू सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कौशांबी ताइक्वांडो एसोसिएशन पिछले १९ वर्षों से ताइक्वांडो खेल को बढ़ावा देने तथा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समारोह का समापन खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया। इस आयोजन से बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और आगे बेहतर प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास बढ़ा।

सावित्री देवी क्लब एवं जैदी क्लब ए को मिली जीत

सावित्री देवी क्लब ने जैदी इंडोर क्लब बी को ३२ रन और जैदी इंडोर क्लब ए ने एमआईसी बी को नौ विकेट से हराकर सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। सावित्री देवी क्लब के कमल सिंह चंदेल (४-१-०८-५) और जैदी इंडोर क्लब ए के हर्षवर्धन (४-२-१०-५) गेंदबाजी में चमके। मार्जा दिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सावित्री देवी क्लब ने २० ओवर में १०० रन (विशेष १५, विवेक यादव मिश्र २२, शुभम सोनकर १३, शुभ सोनी ३/१८, आर्यन मिश्र २/०५, अर्श अहमद २/२२, शिवांश मिश्रा १/१५, राज कुमार १/२२) बनाये। जवाब में जैदी इंडोर क्लब बी की टीम १५ ओवर में ६८ रन (सत्या १९, वीर प्रताप १७, कमल सिंह चंदेल ५/०८, शुभम सोनकर ०/७, गौरव पटेल १/१७, विराज पटेल १/२१) पर सिमट गई। कमल सिंह चंदेल को पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं यूपीसीए की सीनियर चयन समिति के सदस्य आशीष विंस्टन जैदी ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मुकाबले में एमआईसी बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में ८१ रन (अब्दुर रहमान १५ नाबाद, मोहम्मद बेलाल १४, गुलाम कादिर १२, हर्षवर्धन ने ४/१०, हर्षित तिवारी ३/१०, आर्यन २/१३) बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैदी इंडोर क्लब ए की टीम ने ७.५ ओवर में एक विकेट पर ८३ रन (हर्ष राज सिंह ४५ नाबाद, देवांश कुमार स्वप्निल २८ नाबाद, अंश कुमार १/२२) बना लिए। हर्ष राज सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में राहुल सिंह और मोहम्मद नबी ने अंपायरिंग की, जबकि मोहम्मद सैफ और खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की।



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जोन-6) जलकल विभाग नगर निगम प्रयागराज

पत्रांक डी. 1642 / जोन-6 / ज.क.वि./2026-27 दिनांक 22/10/2026

अल्पकालिक निविदा प्रेस सूचना

एतद्वारा जलकल विभाग जोन-6 के अन्तर्गत कैम्प कार्यालय निर्माण कार्य हेतु स्वायत निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म में अंकित निर्धारित शुल्क की धनराशि महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम, प्रयागराज के यूको बैंक, नगर निगम, प्रयागराज के खाता सं0 19190110041130 आई0एफ0एस0सी0 कोड-UCBA0001919 में जमा की जा सकती हैं। धनराशि जमा करने की जमा रसीद की कॉपी निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य हैं, उपरोक्त की अनुपस्थिति में निविदा अवैध मानी जायेगी।

1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत हैः-

क्र. सं.	जनपद का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में) (जी.एस.टी.) सहित	कार्य का नाम	बिड सिक्योरिटी 2% (ई.एम.डी.) (रु. में.	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
1.	प्रयागराज	454809.00	Scraping of existing wall, Painting, Fabrication work including, labour, material, construction works at Preetam Nagar O.H.T Camp Office.	9100.00	944.00	15

2. निविदा सूचना में अंकित बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 23.10.2026
3. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थानः- 31.10.2026 अपराह्न 3:00 बजे जोनल कार्यालय में
4. निविदा खोलने की अन्तिम तिथि एवं समयः- 02.11.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे

अधिशासी अभियन्ता (जोन-6)